अलवर में हस्त-शिल्प प्रदर्शनी 8 व 9 को

अलवर । राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद द्वारा संचालित महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कढ़ाई बुनाई का प्रशिक्षण देकर कच्चा सामान उपलब्ध करवा कर उनके द्वारा बनाए गए हैंडीक्राफ्ट्स की प्रदर्शनी और बिक्री अलवर में 8 और 9 अगस्त को स्वामी विवेकानंद स्मारक, सूचना केन्द्र के पास, नगली के चौराहे के समीप लगने जा रही है इस कार्यक्रम में महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए हुए विभिन्न प्रकार के हैंडीक्राफ्ट्स जिसमें राखियां, बैग, डिस्प्ले बैनर्स, लटकने , झूला, पैन, डायरी, लेडीज पर्स , लैपटाप बैग, मोबाइल कवर इत्यादि सामग्री रहेगी ।

बिक्री के द्वारा दौरान जो भी लाभ होगा वह उन महिला स्वयं सहायता समूह की बहनों में वितरित कर दिया जाता है । अलवर में लगने वाली इस प्रदर्शनी के दौरान विशेष आकर्षण एक राखी सैनिक के नाम रहेगी, अभी आने वाले समय में रक्षाबंधन का त्यौहार सभी लोग मानते हैं लेकिन हमारे जो सैनिक सीमाओं पर देश की रक्षा करते हैं उन्हें भी हम अपनापन उनके साथ बांट सके।

'आदर्श आचार संहिता लागू होते ही निर्वाचन प्रक्रिया की प्रभावी पालना सुनिश्चित करें'

- राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं प्रलोभन-मुक्त वातावरण में संपन्न कराया जाए

जयपुर। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने गुरूवार को शासन सचिवालय स्थित सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनावों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सभी जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं प्रलोभन-मुक्त वातावरण में संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र मतदाता को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिलना चाहिए। इसके लिए सभी अधिकारी पूरी निष्ठा, निष्पक्षता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए आयोग के दिशा-निर्देशों एवं विधिक प्रावधानों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता सूचियों को अद्यतन करने, मतदान केन्द्रों की स्थापना, मतदान दलों के गठन, कार्मिकों के प्रशिक्षण, निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों की पहचान कर वहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने नगरीय निकाय एवं पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों की तैयारियों की बैठक ली।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतदाताओं को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रयास के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्वाचन संबंधी शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण करने तथा प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर पेयजल, बिजली, छाया, शौचालय, रैंप, व्हीलचेयर सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों एवं अन्य पात्र मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुरूप विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों से निर्वाचन कार्य में लगे सभी कार्मिकों का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करने, सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा प्रत्येक गतिविधि की नियमित समीक्षा करते हुए किसी भी प्रकार की कमी को समय रहते दूर करने के निर्देश दिए।

जनसेवा को समर्पित जीवन, राजनीति सेवा का माध्यम : सैनी

कोटपूतली। क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व चेयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी का जन्मदिन गुरूवार को भाजपा व कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों व आमजन द्वारा बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अपार जोष व उत्साह के साथ विभिन्न आयोजनों में शामिल हुये एवं सैनी को जन्मदिन की शुभकामनायें प्रेषित की। गुरूवार को दिन भर विभिन्न सेवा कार्यो, राष्ट्रभक्ति कार्यक्रमों, देवदर्शन व महापुरूष वंदन, पौधारोपण, गौ सेवा कार्यक्रम आदि गतिविधियों का आयोजन हुआ। विधायक हंसराज पटेल के जन्मदिवस 01 अगस्त से लेकर स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त तक आयोजित किये जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत गुरूवार को एड. सैनी के जन्मदिवस पर कार्यक्रमों की शुरूआत कस्बे के लक्ष्मीनारायण देवस्थान परिसर स्थित गणेश मंदिर में पूजन अर्चन के साथ हुई। जिसके बाद बानसूर रोड़ स्थित फल-सब्जी मंडी परिसर स्थित शिवालय पर भगवान षिव के अभिषेक के बाद व्यापारियों की और से सैनी का स्वागत करते हुये उन्हें फलों से तौलकर वितरण किया गया। इसके बाद बानसूर रोड़ स्थित जयसिंह गौशाला में गौ सेवा करते हुये गौ सवामणी, हरा चारा व सब्जियां अर्पित कर गौमाता को वंदन किया गया। इसके बाद एड. सैनी नगर के मुख्य मार्गो से स्वागत जुलूस के साथ अग्रसेन तिराहा पहुंचे, जहां महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर व्यापारी बंधुओं के सानिध्य में माल्यार्पण किया गया। अग्रसेन सर्किल पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान का आयोजन भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यापारियों द्वारा हुआ।

संत रविदास जी के मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना यात्रा का मुख्य उद्देश्य : रामलाल शर्मा

- प्रदेश स्तरीय समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा का चौमूं आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

चौमूं / कालाडेरा । संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदेश स्तरीय समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा का चौमूं आगमन पर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में सुभाष सर्किल पर एकत्र हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने यात्रा रथ पर पुष्पवर्षा कर अगवानी की।

इसके पश्चात, रामलाल शर्मा एवं कार्यकर्ताओं ने खादी बाग रोड स्थित हनुमान मंदिर पहुँचकर प्रभु रामभक्त हनुमान जी महाराज एवं संत रविदास जी महाराज की महाआरती की तथा क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर रामलाल शर्मा ने कहा कि संत रविदास जी महाराज ने समाज से ऊँच-नीच, भेदभाव को मिटाकर सामाजिक समरसता और मानवता का मार्ग दिखाया था। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के कोने-कोने तक पहुँचकर संत रविदास जी के समता, बंधुत्व, सामाजिक सद्भाव और मानवता के अमर संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है, ताकि एक सशक्त और एकजुट समाज का निर्माण हो सके। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, कालाडेरा मण्डल अध्यक्ष लालचंद यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बजरंग सोनी, रामावतार कुलदीप, मोहन लाल जलुथरिया, मनोज बागोरिया, संदीप शर्मा, बजरंग कुमावत, मुक्तिलाल बसौतिया, राहुल बागड़ा, बाबूलाल यादव, किशोर गंगवाल, चेतन सैनी, संदीप कुमावत सहित मण्डल के अनेक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में सुभाष सर्किल पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने यात्रा रथ पर पुष्पवर्षा कर अगवानी की।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से पावटा की सफाई व्यवस्था चरमराई

पावटा। प्रदेशव्यापी हड़ताल के चलते नगरपालिका पावटा प्रागपुरा के सफाई कर्मचारी गुरुवार को लगातार चौथे दिन भी कार्य से विरत रहे। हड़ताल का सीधा असर शहर की सफाई व्यवस्था पर देखने को मिल रहा है। चार दिनों से नियमित सफाई और कचरा उठाव बंद होने के कारण मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, प्रमुख सड़कें, गलियां और कॉलोनियां कूड़े के ढेर से पट गई हैं। जगह-जगह फैली गंदगी से आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है और शहरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में कई स्थानों पर कचरा नहीं उठने से बदबू फैलने लगी है। घरों में जमा कचरे के कारण लोगों का रहना मुश्किल हो गया है,स्थानीय लोगों का कहना है। कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इधर, नगरपालिका प्रशासन की ओर से अब तक वैकल्पिक सफाई व्यवस्था के लिए कोई ठोस इंतजाम नजर नहीं आया है। सार्वजनिक स्थानों पर जमा कचरे के ढेर लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं।

निवाई में कलश यात्रा का स्वागत

निवाई। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 650वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित राष्ट्रव्यापी गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान के तहत निकाली जा रही कलश यात्रा का नगर पालिका के निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी एवं शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने निवाई में भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संत रविदास महाराज के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए एवं सामाजिक समरसता व समानता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। दिलीप इसरानी ने कहा कि यह समरसता रथ पूरे राजस्थान में गांव-गांव व ढाणी-ढाणी पहुंचकर संत रविदास महाराज के विचारों का प्रचार-प्रसार करेगा एवं समाज में आपसी भाईचारे, समानता व सामाजिक समरसता का संदेश देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से संचालित यह अभियान संत रविदास महाराज द्वारा लगभग 650 वर्ष पूर्व दिए गए भेदभावमुक्त एवं समतामूलक समाज के संदेश को आज के दौर में और अधिक प्रासंगिक बनाता है। शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा ने कहा कि संत रविदास महाराज ने अपने जीवन व शिक्षाओं के माध्यम से समाज को समानता, सद्भाव व मानवता का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि समरसता संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ते हुए संत रविदास महाराज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। समरसता संकल्प अभियान के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे, समानता और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास महाराज ने सदैव मानवता को सर्वोपरि मानते हुए जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर समाज को एकता, समरसता और परस्पर सम्मान का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में संत रविदास महाराज के विचार सामाजिक एकता और राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत प्रेरणादायी हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, शंकर पडियार, जिला महामंत्री जयनारायण कुमावत, शहर मत्री जितेन्द्र विजय, परसराम कुमावत, गिर्राज जाट, बजरंग दल प्रखंड संयोजक राकेश खारोल, अंकुर गुप्ता, पार्षद मदन वर्मा, संजय वर्मा व देवराज गुर्जर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

संत रविदास समरसता संकल्प अभियान कलश यात्रा का स्वागत करते हुए भाजपा के कार्यकर्ता।

साइबर ठगी प्रकरण में तीन आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन, दो फर्जी सिम कार्ड व दो कार एवं एक स्कूटी जब्त की

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे साइबर ठगी के अपराधियों की धरपकड विशेष अभियान के तहत वृताधिकारी उनियारा अशोक कुमार एवं अलीगढ थानाधिरी राजकुमार के नेतृत्व में गठित टीम तथा जिला स्पेशल टीम द्वारा सयुक्त कार्यवाही करते हुये इस दौरान तीन साईबर ठगो को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा फर्जी टेलिग्राम चेनल पर ट्रेड एप पर फर्जी इन्वेसमेन्ट के लिए लिंक प्रसारित कर फर्जी फ्रोफिट विड्रोल के स्क्रीन शोट प्लान साझा कर न्यू ज्यानिंग के नाम से अलग अलग लोगों को मोटा प्रोफिट दिलवाने का लालच देकर साईबर फ्रोड की बडी वारदातों को अंजाम दिया गया है।

इस कार्यवाही में आरोपी नरेश पुत्र कजोडमल मीना उम्र 25 साल निवासी उखलाना, गोरव पुत्र प्रेमराज मीना उम्र 21 साल व विकास पुत्र सोराज मीना उम्र 24 साल निवासी अलीनगर थाना अलीगढ के मोबाईल नम्बरों की जाचं करने पर इनके नम्बरो पर एनसीआरपी पोर्टल पर 8 शिकायतें दर्ज पाई गयी है। कार्यवाही में आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन, दो फर्जी सिम कार्ड व दो कार एवं एक स्कूटी जप्त की गई है। इसी क्रम में उनियारा थाना पुलिस ने इस विशेष अभियान में क्षेत्र मे बढती साईबर अपराधो की रोकथाम हेतु म्यूल खातो एंव हॉटस्पॉट की बढती शिकायतो पर कार्यवाही करते हुए म्यूल खाता धारक हरिप्रसाद पुत्र हेमराज मीणा उम्र 20 साल निवासी सहादतनगर थाना अलीगढ डिटेन कर पुछताछ के बाद आरोपी ने बताया कि उसने साईबर ठगो को अपने बैंक खाते की पासबुक, एटीएम कार्ड व चैक उपलब्ध करवाता था तथा उसके बदले साईबर ठग से नगद राशि प्राप्त करता था। जिस पर आरोपी खाता धारक के विरुध आईटी एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

साईबर अपराधों के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया

- कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को पुलिस की दैनिक कार्यप्रणाली से रूबरू कराया। साथ ही विद्यार्थियों को वर्तमान समय की चुनौतियों को देखते हुए महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया

कोटपूतली। अगले वर्ष होने वाली सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती और जन्म शताब्दी के दो वर्षीय आयोजनों की कड़ी में पुलिस थाना सरुंड पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिला और विभिन्न सामाजिक व तकनीकी विषयों पर जागरूक किया गया। यह आयोजन जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के निर्देशों की पालना में किया गया।

कार्यक्रम एएसपी नाजिम अली खान के निर्देशन व डीएसपी लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में संपन्न हुआ। सरुंड थानाधिकारी यशपाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरुंड एवं विंग्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को पुलिस की दैनिक कार्यप्रणाली से रूबरू कराया। साथ ही विद्यार्थियों को वर्तमान समय की चुनौतियों को देखते हुए महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने ऑनलाईन धोखाधड़ी और सोशियल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों का पालन करने की सीख दी।

बालिकाओं को अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के बारे में बताया गया। व असुरक्षित स्पर्श के अंतर को समझाया गया। पुलिस और आमजन के बीच समन्वय स्थापित करने तथा समाज में विष्वास का माहौल बनाने पर जोर दिया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को कानून व्यवस्था के प्रति जिम्मेदार बनाना और पुलिस के प्रति उनके मन से डर को दूर कर एक सुरक्षित समाज का निर्माण करना है।

'पीड़ितों को समयबद्ध और न्यायसंगत प्रतिकर उपलब्ध कराना प्राधिकरण का संकल्प है'

- बैठक में प्राधिकरण अध्यक्ष ने साफ किया कि पॉक्सो और दुष्कर्म के पीड़ितों की पहचान और गरिमा की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है

किशनगढ़बास। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल-तिजारा की किशनगढ़बास में अहम बैठक हुई। अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र व्यास की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पीड़ित प्रतिकर योजना 2023 के तहत 20 पात्र पीड़ितों के लिए प्रतिकर राशि स्वीकृत की गई। प्राधिकरण ने साफ किया कि पॉक्सो और दुष्कर्म के पीड़ितों की पहचान और गरिमा की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय किशनगढ़ बास में आयोजित समीक्षा बैठक में कुल 21 प्रकरण प्रस्तुत किए गए। गहन जांच के बाद समिति ने एक प्रकरण को पूर्व में समाज कल्याण विभाग से सहायता मिलने के कारण खारिज कर दिया। शेष 20 प्रकरणों में पात्र पीड़ितों के लिए अंतिम प्रतिकर राशि स्वीकृत की गई। इसमें विभिन्न पॉक्सो अधिनियम के मामलों के पीड़ित बच्चे और धारा 302 यानी हत्या के दो मामलों में मृतकों के आश्रित परिवार शामिल हैं।

इन परिवारों को आर्थिक सहायता देकर संबल देने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति ने स्पष्ट किया कि लैंगिक अपराध, दुष्कर्म और पॉक्सो के पीड़ितों की निजता और गोपनीयता से कोई समझौता नहीं होगा।

ऐसे मामलों में पीड़ितों के वास्तविक नाम और पहचान को पूर्णत गोपनीय रखा जाएगा। समिति ने संबंधित न्यायालयों की अनुशंसाओं, पत्रावलियों में उपलब्ध साक्ष्यों और राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना (संशोधित) 2023 के प्रावधानों का बारीकी से परीक्षण कर ही स्वीकृति दी। बैठक में अध्यक्ष शैलेंद्र व्यास ने कहा कि अपराध पीड़ितों को समयबद्ध और न्यायसंगत प्रतिकर उपलब्ध कराना प्राधिकरण का संकल्प है तथा पीड़ितों की सुरक्षा, गरिमा और गोपनीयता की रक्षा के साथ उन्हें जल्द से जल्द आर्थिक सहायता दिलाना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस दौरान प्राधिकरण सचिव अजीत कुड़ी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा कुमारी, जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश, एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय, बार संघ अध्यक्ष राकेश तिवाड़ी, राजकीय अधिवक्ता सहित न्याय विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में जज शैलेन्द्र व्यास के साथ न्यायिक अधिकारी, जिला कलेक्टर, एसपी व बार अध्यक्ष मौजूद रहे।

सार-समाचार

बेटी के जन्मदिन पर राजू मनोहर ने भेंट किए 101 पेड़

चौमूं /कालाडेरा। मानवाधिकार विकास संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश तंवर द्वारा चलाई जा रही ''एक पेड़ एक जीवन'' मुहिम को चौमू से बड़ा समर्थन मिला है। चौमूं तहसील मंत्री राजू मनोहर ने अपनी लाडली बेटी आराधना मनोहर के जन्मदिवस के पावन अवसर पर रेनवाल टीम को 101 पेड़ भेंट किए। राजू मनोहर ने कहा कि के राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी गोपाल जी पिंगोलिया से प्रेरित होकर और राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जी तंवर के नेतृत्व में चल रहे पर्यावरण संरक्षण कार्यों को देखकर उन्होंने बेटी के जन्मदिन को धरती माँ की सेवा में समर्पित करने का संकल्प लिया। उनका मानना है कि असली खुशी व जश्न वही है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली और स्वच्छ पर्यावरण की नींव रखे। पदाधिकारियों ने कहा कि ये 101 पेड़ आराधना के लिए 101 दुआएं और 101 उम्मीदें हैं। इन सभी पेड़ों को रेनवाल क्षेत्र में लगाया जाएगा और उनकी देखरेख की टीम द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर परिवार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश तंवर, राजू मनोहर और आराधना को दिल से आभार व्यक्त करते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। ने कहा कि राजू मनोहर का यह कदम समाज के लिए प्रेरणा है।

कांवड़ सेवा संघ का सेवा शिविर आज से

पावटा। सावन माह में शिवभक्त कांवड़ियों की निस्वार्थ सेवा की गौरवशाली परंपरा को पिछले 26 वर्षों से निरंतर निभा रही शक्ति कांवड़ सेवा संघ समिति द्वारा पोस्टर विमोचन कर विशाल सेवा एवं स्वागत शिविर का शुभारंभ आज भरतदास धाम टोरडा महंत मंगलदास महाराज, बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर महंत जयराम दास त्यागी महाराज, गोपाल भैया मंदिर महंत मोहनदास रामायणी महाराज के सानिंध्य व कर कमलो द्वारा किया जाएगा। समिति द्वारा पावटा में लगाए जा रहे इस सेवा शिविर में कांवड़ यात्रियों के लिए भोजन, शुद्ध पेयजल, विश्राम, प्राथमिक चिकित्सा सहित अनेक निःशुल्क सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। समिति अध्यक्ष सुनील शर्मा के नेतृत्व एवं आयोजक राजेश शर्मा के संयोजन में संचालित यह सेवा शिविर क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सामाजिक समर्पण और मानव सेवा का प्रतीक बन चुका है। समिति के अनुसार, सेवा शिविर का आज विधिवत शुभारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में शिवभक्त, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर सुनील शर्मा, राजेश शर्मा, चिरंजीलाल गुर्जर, धीरज वशिष्ठ, शीशराम चौधरी, रामकरण वर्मा, हरिराम सैनी, मुकेश कुमार, पहलवान अमित कुमार शर्मा, नरेंद्र सैनी, विक्रम, सचिन यादव सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सेवा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे रहे।

कावड़ सहायता शिविर का शुभारंभ

राजगढ़। अलवर मार्ग कांदोली बाईपास शिव मंदिर में कावड़ सेवा शिविर का श्रद्धा एवं भक्ति के साथ श्री गणेश हुआ। शिविर का शुभारंभ अवधूत दत्ता आश्रम के महंत स्वामी अमन भारती महाराज ने किया। इस दौरान पंडित अजय शर्मा एवं शानू शर्मा की ओर से अमन भारती महाराज का सहयोग प्रदान किया। कांदोली बाईपास स्थित शिव मंदिर में सुंदर प्रतिमा एवं भव्य सजावट की गई। कार्यक्रम से जुड़े सेवाभावी लोगों ने बताया कि कावड़ सेवा शिविर के दौरान मूलभूत सुविधाओं सहित चिकित्सा एवं सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए गए हैं। इस अवसर पर प्रदीप महावर, राहुल मीणा, डॉ सर्वेश सैनी, बाबूलाल, गायक कलाकार संजय राजस्थानी सहित प्रमुख व्यापारी, राजनेता, समाजसेवी एवं प्रमुख लोग मौजूद रहे।

देवली में गोल्ड मेडल विजेता अरुंधति का भव्य स्वागत

देवली । जयपुर से कोटा जाते समय कॉमनवेल्थ गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता बॉक्सर अरुंधती चौधरी का देवली पहुंचने पर समाजसेवी सतेन्द्र सिंह के नेतृत्व में खेल प्रेमियों ने माला, साफा व दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया । इस दौरान समाजसेवी भीम सिंह राणावत, विजय चौधरी ने गोल्ड मेडल विजेता अरुंधति की उपलब्धि पर सराहना करते हुए उन्हें 51 हजार रुपए की सम्मान राशि भेंट की। अरुंधती ने इस सम्मान के लिए मौजूदा समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए इसे भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा बताया है । इस मौके पर भाजयुमो अध्यक्ष मनोज शर्मा, भीम सिंह, विजय चौधरी, पदम सिंह शक्तावत सहित इत्यादि खेल प्रेमी युवा उपस्थित रहे। पूरे देश को गर्व है कि अभी हाल ही में अरुंधती ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 भाग लेकर (70 किग्रा वर्ग), देश का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड बॉक्सिंग कप 2025 और यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2021 में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है।

कूकू बाबा की बगीची में वाटर कूलर व आरओ वाटर फिल्टर का लोकार्पण

फुलेरा। स्थानीय हलवाई बाजार स्थित कूकू बाबा की बगीची में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वाटर कूलर एवं आरओ वाटर फिल्टर का लोकार्पण किया गया। यह जनसेवा कार्य स्वर्गीय रिपू धवन सिंह एवं उनकी पत्नी स्वर्गीय कुसुम देवी की स्मृति में वाटर कूलर तथा समाजसेवी खुशाल कुमावत द्वारा भेंट किए गए आरओ वाटर फिल्टर के माध्यम से संपन्न हुआ। लोकार्पण समारोह में उपस्थित लोगों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। कार्यक्रम में पंडित दुर्गा शंकर गौतम, किशन प्रकाश गगरानी, राजू दाधीच, भूपेंद्र गुप्ता, बीसी सांचौरिया, मोहन सिंह तंवर, आनंद स्वरूप मेहरोत्रा, प्रवीण वार्ष्णेय, संजय भाटिया, राजेंद्र शर्मा (रेलवे), सी.पी. त्रिपाठी, नरेंद्र बंसल, वीरेंद्र बंसल, राजकुमार किलानोत, योगेश भारद्वाज, महेंद्र सिंह, हितेश सिंह, विष्णु कयाल, मुकेश गगरानी, रोहित मौर्य, राहुल शर्मा, नेमीचंद गुर्जर, संजीव गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके इस जनहितकारी योगदान की प्रशंसा की।

अज्ञात वाहन ने बाईक के मारी टक्कर

निवाई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जयसिंहपुरा मोड़ के समीप एक अज्ञात वाहन ने एक बाईक के टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार युवक गंभीररूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि निर्मल बैरवा पुत्र रामकिशोर बैरवा निवासी बैरवा ढाणी चैनपुरा बुधवार की शाम करीब 7 बजे बाईक पर सवार होकर अपने गांव बैरवा ढाणी चैनपुरा जा रहा था। इसी दौरान जयसिंहपुरा मोड़ के समीप एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाईक के टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीररूप से घायल हो गया। जिसको हाईवे एंबुलेंस की सहायता से उप जिला अस्पताल निवाई में भर्ती करवाया।